an>

Title: Regarding renaming of Hazaribag railway station road in Kodarma Parliamentary Constituency of Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। मेरा शून्य काल, रेल विभाग से जुड़ा हुआ है। वैसे रेल विभाग थोड़ा निÂठुर हो गया है, आजकल हम लोगों की बात कोई सुन नहीं रहा है, क्या करूं?

मेरे लोक सभा क्षेत्र झारखंड के कोडरमा में हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन है। वह आजादी के पूर्व से हजारीबाग रोड था। उसमें रेलवे लाइन नहीं थी। आज हजारीबाग में पांच जिले बन गए हैं। लेकिन हजारीबाग रोड स्टेशन हमारे गिरिडीह डिस्ट्रिक्ट में पड़ता है। नई परिस्थिति में हजारीबाग में रेलवे लाइन खुल गई है और वहां हजारीबाग स्टेशन भी बन गया है। हजारीबाग के यात्री हजारीबाग रोड में उतर जाते हैं और हजारीबाग रोड के यात्री हजारीबाग चले जाते हैं। पहले हजारीबाग रोड की हर ट्रेन से जुड़ी हुई एक बस चलती थी जो हजारीबाग पहुंचाती थी क्योंकि दूरी 65 किलोमीटर है।

मेरा अनुरोध है कि यह गिरिडीह जिले का सबसे महत्वपूर्ण स्टेशन है, इसलिए हजारीबाग रोड का नाम बदलकर सरिया स्टेशन किया जाए ताकि असुविधा नहीं हो, यात्री सही स्थान पर पहुंच सकें और सरिया का महत्व भी स्थापित हो सके। यह जिला पूरे गिरिडीह जिले के लिए लाभान्वित होने वाला है। इसलिए मैं हजारीबाग रोड का नाम बदलकर सरिया करने की मांग करता हूं। कृपया इस पर आपके द्वारा निर्देश जाए।